**Agricultural Research Station, Fatehpur, Sikar – 332301, Rajasthan**
**(Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner)**
कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर, सीकर – 332301, राजस्थान
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

**Dr. Sanjay Kr. Attar**
*Zonal Director Research*
+91-9913147464
zdr.fatehpur@sknau.ac.in

No. F( )/Farm/ARS/FTR/2025/517-21 Dated: 03/09/2025

## कोटेशन के लिए अनुरोध

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर के प्रक्षेत्र पर उत्पादित लगभग 700 क्विंटल बीज की ग्रेडिंग हेतु इच्छुक फर्म द्वारा निर्धारित प्रपत्र मे सीलबन्द कोटेशन आमन्त्रित किये जाते हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | दर प्रति क्विंटल (₹) |
|---|---|---|
| 1 | बीजों को गोदाम से निकालकर ग्रेडिंग प्लांट पर लाना, ग्रेडिंग करना, ग्रेडिंग किये बीजों को आवश्यकतानुसार 10/20/40/50 किलोग्राम वजन के कट्टों में भरना, कट्टों पर आवश्यक विवरण लिखने एवं सिलाई करने के उपरान्त बताये गये निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित रूप से गिनकर रखना, ग्रेडिंग के दौरान कटे फटे व बारीक दानों एवं अन्य मिश्रित पदार्थों को अलग–अलग बोरियों में भरकर पुनः गोदाम में या निर्धारित स्थान पर रखने का कार्य। | |

इस हेतु इच्छुक फर्म को उक्त कार्य करने के लिए अपनी निविदा बन्द लिफाफे में भरकर दिनांक <u>10.09.2025</u> को प्रातः 11.00 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। प्राप्त निविदाएं दिनांक <u>10.09.2025</u> को ही दोपहर 02.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष समिति द्वारा खोली जायेंगी। इस निविदा की सूचना विश्वविद्यालय पोर्टल www.sknau.ac.in पर भी उपलब्ध है।

<u>निविदा की शर्तें :</u>

1. सभी दरें जीएसटी व अन्य करों सहित होनी चाहिए व इस निविदा की पूरे वितीय वर्ष की लागत रू. 1.00 लाख से कम है।
2. निविदादाता अपने मूल पते सहित फोटो युक्त पहचान पत्र, पैन कार्ड व जीएसटी पंजीकरण की सत्यापित छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न करें।
3. ग्रेडिंग के दौरान बोरियों को गोदाम से निकालकर ग्रेडिग–प्लांट तक ले जाकर ग्रेडिंग करने के उपरान्त निर्धारित वजन के कट्टों में भरकर सिलाई करने के उपरांत बताये गये गोदाम में व्यवस्थित रूप से गिनकर रखना होगा।
4. कट्टों पर निर्धारित विवरण अंकित करने का कार्य भी निविदादाता को करना होगा।
5. ग्रेडिंग के दौरान निकलने वाले छोटे आकार के दानों, कटे–फटे दानों एवं अन्य मिश्रित पदार्थों को अलग–अलग बोरियों में भरकर पुनः गोदाम में रखना होगा।
6. ग्रेडिंग के दौरान मशीनों को सावधानीपूर्वक उपयोग में लेना होगा। लापरवाही के कारण मशीनों में किसी भी प्रकार की खराबी आती है या नुकसान होता है तो उसका जिम्मेदार निविदादाता स्वयं होगा।
7. बीजों को गोदाम से ग्रेडिग–प्लांट एवं ग्रेडिग–प्लांट से पुनः गोदाम में पहुँचाने हेतु ट्रैक्टर–ट्रोली केन्द्र द्वारा उपलब्ध करवायी जाएगी।
8. ग्रेडिंग कार्य में लगने वाले समस्त श्रमिकों की व्यवस्था निविदादाता को स्वयं करनी होगी।

ZONAL DIRECTOR RESEARCH
(SKN AGRICULTURE UNIVERSITY)
AGRICULTURAL RESEARCH STATION
FATEHPUR-SHEKHAWATI (SIKAR)

9. ग्रेडिंग कार्य को सावधानीपूर्वक करना होगा क्योंकि ग्रेडिंग कार्य के दौरान घटित किसी भी प्रकार की दुर्घटना के लिए केन्द्र जिम्मेदार नहीं होंगा।

10. ग्रेडिंग का कार्य संबंधित अधिकारी/प्रभारी के दिशा–निर्देशानुसार ही करना होगा।

11. इस निविदा की अवधि वितीय वर्ष 2025–26 (31 मार्च 2026) तक वैद्य होगी।

12. निविदादाता का बैंक में खाता होना आवश्यक है। निविदादाता को कार्य समाप्ति के उपरान्त कोष कार्यालय से बिल पारित होने के बाद भुगतान चैक/नेफ्ट के माध्यम से किया जायेगा तथा किसी भी प्रकार से नगद भुगतान नही किया जायेगा।

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान

प्रतिलिपिः

1. श्रीमान निदेशक, अनुसंधान निदेशालय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविधालय, जोबनेर।
2. श्रीमान् वित्त नियन्त्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविधालय, जोबनेर।
3. श्रीमान प्रभारी, सिमका को विश्वविद्यालय पोर्टल www.sknau.ac.in पर प्रकाशन हेतु।
4. नोटिस बोर्ड, नगरपालिका, फतेहपुर, नोटिस बोर्ड व समिति सदस्य, कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर।
5. रक्षित पत्रावली कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर।

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान

ZONAL DIRECTOR RESEARCH
(SKN AGRICULTURE UNIVERSITY)
AGRICULTURAL RESEARCH STATION
FATEHPUR-SHEKHAWATI (SIKAR)